हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 10 अप्रैल 2026

06 गांव के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से लोगों का ...



07 आठ नहीं बल्कि जीरापुर के रामगढ़ में बने थे 250...





## खबर संक्षेप

### 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जिले में एलपीजी गैस की सुचारू आपूर्ति बनाए रखने और घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग एवं अनियमितताओं को रोकने के लिए जिला आपूर्ति रेशमा भामोर और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी प्रकाश सिंह यादव द्वारा सीहोर के साई रेस्टोरेंट, लल्लनटाप रेस्टोरेंट भोजनालय, जिरकॉन होटल, रामटी स्टॉल, कस्पी तड़का रेस्टॉरेंट, दक्षिण वाणी रेस्टोरेंट एवं राय टी स्टॉल सहित विभिन्न होटलों, रेस्टोरेंट एवं गैस एजेंसियों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान घरेलू गैस सिलेंडर का दुरुपयोग पाए जाने पर रेस्टोरेंट एवं प्रतिष्ठानों से 4 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए।

### डॉ अंबेडकर की जयंती पर जिले में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में 10 अप्रैल से 14 अप्रैल जिले में जिला एवं विकासखंड स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों में डॉ. अंबेडकर के जीवन, विचारों, देश एवं लोकतंत्र के लिए उनके योगदान तथा संविधान निर्माण में उनकी महती भूमिका के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही 14 अप्रैल को जिले में स्थापित डॉ. भीमराव अंबेडकर की सभी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा एवं पुष्पांजलि अर्पित की जायेगी। कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष ग्राम सभाओं और विकासखंड स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठकों का भी आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही अनुसूचित जाति एवं जनजाति बस्तियों में स्वीकृत विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण भी किया जाएगा। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि, अधिकारी और नागरिक शामिल होंगे।

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 19 को

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 में कक्षा छठवीं में प्रवेश के लिए 129 विद्यार्थियों द्वारा ऑनलाइन आवेदन किया गया है। प्रवेश के लिए ऑफलाईन प्रवेश परीक्षा 19 अप्रैल 2026 को प्रातः 10.00 बजे से 1.00 तक सीहोर के माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में आयोजित की जाएगी। सीहोर जिले के विद्यार्थियों का परीक्षा केन्द्र माता शबरी शासकीय कन्या शिक्षा परिसर ही निर्धारित किया गया है।

### किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, जिला कांग्रेस कार्यालय से आक्रोश रैली के रूप में पहुंचे कलेक्ट्रेट

# कलेक्टर के इंतजार में 4 घंटे कलेक्ट्रेट गेट पर बैठे उमंग सिंघार, नहीं आए तो श्वान को सौंपा ज्ञापन

**कलेक्ट्रेट के गेट पर ही कांग्रेसियों ने खाए सेव परमल, दोपहर करीब 12.30 बजे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सीहोर पहुंचे**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले की राजनीति के लिए गुरुवार का दिन गर्मागर्मी वाला रहा। दरअसल, तय कार्यक्रम के अनुसार जिला कांग्रेस ने किसानों की समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का नेतृत्व करने के लिए विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार मुख्यालय पहुंचे। सिंघार के नेतृत्व में सभी कांग्रेसी, कलेक्टर को ज्ञापन देने कलेक्ट्रेट पहुंचे, लेकिन ज्ञापन लेने कलेक्टर नहीं आए, तो नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक कुत्ते (श्वान) को ज्ञापन सौंपकर समस्याएं सुनाईं। करीब 4 घंटे तक कलेक्ट्रेट परिसर में हाई-वोल्टेज ड्रामा चलता रहा।


प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा गुरुवार किसान आंदोलन का आयोजन किया गया था। जिला अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेतृत्व में सुबह 11 बजे से ही बस स्टैंड स्थित कांग्रेस कार्यालय पर जिले भर के किसान और कार्यकर्ता जुटने लगे थे। दोपहर करीब 12.30 बजे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सीहोर पहुंचे, जिसके बाद कार्यकर्ताओं का जोश दोगुना हो गया। दोपहर 1.15 बजे आक्रोश रैली निकाली गई, जो नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची।

### एडीएम पर जताई नाराजगी

नेता प्रतिपक्ष सिंघार ने एडीएम पर नाराजगी जताते हुए कड़े लहजे में कहा अपने कलेक्टर को समझा देना कि मैं उमंग सिंघार हूं। कलेक्टर इतने बड़े हो गए हैं कि वे किसानों की आवाज उठाने आए जनप्रतिनिधियों से भी नहीं मिल सकते। हम आपके माध्यम से मुख्यमंत्री को समस्याओं से अवगत कराना चाह रहे थे, लेकिन हमें पूरी तरह अनदेखा किया गया। उन्होंने पुलिस की मौजूदगी में गिरफ्तारी की चुनौती देते हुए कहा अगर गिरफ्तार करना है तो कर लो, हम डरने वाले नहीं हैं।

### जाते-जाते दी चेतावनी

बता दें इस प्रदर्शन में किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह चौहान सहित युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस और एनएसयूआई के बड़ी संख्या पदाधिकारी शामिल हुए। उमंग सिंघार ने जाते-जाते चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का निराकरण जल्द नहीं हुआ तो पूरी प्रदेश कांग्रेस सडक़ों पर उतरेगी।





### कलेक्टर की अनुपस्थिति पर भड़के सिंघार



कांग्रेस की मांग थी कि किसानों की समस्याओं से संबंधित ज्ञापन केवल कलेक्टर बालागुरू के. ही स्वीकार करें। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, पूर्व मंत्री राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक शैलेंद्र पटेल और जिला प्रभारी जयश्री हरिकिरण सहित तमाम वरिष्ठ नेता गेट पर ही अड़ गए। इस दौरान प्रशासन की ओर से एडीएम ज्ञापन लेने पहुंचे, लेकिन उमंग सिंघार ने उन्हें बैरंग लौटा दिया। कलेक्टर के न आने से नाराज सिंघार कार्यकर्ताओं के साथ जमीन पर ही धरने पर बैठ गए। करीब 4 घंटे तक चले इस इंतजार के दौरान सिंघार ने वहीं बैठकर 'सेव-परमल' खाए और सरकार व प्रशासन के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

### किसानों की प्रमुख मांगें

- खरीदी केंद्रों पर हो रही देरी को तुरंत समाप्त कर सुचारू व्यवस्था की जाए।
- किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य सुनिश्चित किया जाए और मंडी में बिके गेहूं पर भावांतर का लाभ मिले।
- सरकार ने ऋण वसूली की अंतिम तारीख 31 मार्च तय की थी, जिससे 50 फीसदी किसान डिफाल्टर हो गए हैं। इस तारीख को तुरंत आगे बढ़ाया जाए।
- बिजली विभाग और बैंकों द्वारा की जा रही सख्ती को रोका जाए और बिलों में राहत दी जाए।



### कुत्ते के गले में बांधी तख्ती




शाम 5.30 बजे तक जब कलेक्टर मुलाकात के लिए नहीं आए तो उमंग सिंघार के सब्र का बांध टूट गया। उन्होंने विरोध का एक बेहद तीखा रास्ता अपनाया। उन्होंने एक कुत्ते के गले में 'कलेक्टर' लिखी तख्ती बांध दी और उसे ही मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन सौंप दिया।

# गेहूं खरीदी का श्रीगणेश: पहले दिन 815 क्विंटल की खरीदी, आज से सभी 240 केंद्रों पर होगी शुरुआत

**सीहोर।** जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी की शुरुआत उत्साह और सम्मान के माहौल में हुई। पहले ही दिन किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत कर उनकी मेहनत को सम्मान दिया गया, जिससे गांवों में खुशी की लहर दौड़ गई। सीहोर के मंडी स्थित बिजौरी उपार्जन केंद्र और तकीपुर उपार्जन केंद्र पर गुरुवार से गेहूं खरीदी प्रारंभ हो गई। यह शुरुआत प्रतीकात्मक होने के साथ-साथ किसानों के लिए राहत भरी खबर लेकर आई। लंबे इंतजार के बाद अपनी उपज को सही मूल्य पर बेचने का अवसर मिलने से किसानों में उत्साह देखा गया।



**पहले दिन 815 क्विंटल गेहूं की खरीदी :** खरीदी के पहले दिन कुल 815 क्विंटल गेहूं खरीदा गया। बिजोरी केंद्र पर 15 किसानों से 515 क्विंटल और तकीपुर केंद्र पर 6 किसानों से 300 क्विंटल गेहूं की खरीदी हुई। यह आंकड़ा भले शुरुआत का हो, लेकिन आने वाले दिनों में इसमें तेजी आने की संभावना है। खरीदी के शुभारंभ अवसर पर किसानों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया और तौल कांटे का पूजन किया गया।

**10 अप्रैल से सभी केंद्रों पर खरीदी :** कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी आकाश चंदेल ने बताया कि जिले के कुल 240 उपार्जन केंद्रों में से अभी दो पर खरीदी शुरू हुई है। शेष 238 केंद्रों पर 10 अप्रैल से गेहूं खरीदी शुरू कर दी जाएगी, जिससे जिलेभर के किसानों को सुविधा मिलेगी। इस वर्ष जिले के 1,02,485 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने के लिए पंजीयन कराया है। इनमें से अब तक 11,200 किसान स्लॉट बुक कर चुके हैं।

**7 लाख मैट्रिक टन खरीदी का लक्ष्य :** जिले में इस साल करीब 7 लाख मैट्रिक टन गेहूं खरीदी का लक्ष्य रखा गया है। प्रशासन इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर रहा है। उपार्जन केंद्रों पर छायादार शेड, पीने के पानी और व्यवस्थित तौल की व्यवस्था की गई है। साथ ही, 60 से 65 प्रतिशत वारदान (बोरियां) पहले ही केंद्रों तक पहुंच चुकी हैं, जिससे खरीदी प्रक्रिया में कोई बाधा न आए।

# आर्य वीर दल का प्रांतीय प्रशिक्षण शिविर 16 से

**सीहोर।** आज आर्य समाज गंज सीहोर के सभागृह में आर्य समाज, आर्यवीर दल एवं भारत विकास परिषद के सभी सदस्यों की एक सभा आयोजित की गई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि आगामी 16 मई से लेकर 25 मई तक सीहोर में एक प्रांत स्तरीय आर्य वीर दल के प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें पूरे प्रांत से 500 से अधिक युवाओं के सम्मिलित होंगे । शिविर में युवाओं को शारीरिक आत्मिक व आध्यात्मिक उन्नति हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण हेतु आर्य वीर दल के राष्ट्रीय स्तर के आचार्य उपस्थित होंगे जो बच्चों को 10 दिन तक विभिन्न विषयों में पारंगत करेंगे। इस शिविर में युवाओं एवं बच्चों को शरीर निर्माण, आत्मरक्षा, सनातन धार्मिक शिक्षा योग एवं विभिन्न अस्त्र-शस्त्र संचालन का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।



चरित्र निर्माण हेतु लगाया जा रहा है यहां शिविर पूर्ण कालिक होगा जिसमें सभी के ठहरने रहने एवं भोजन आदि की व्यवस्था उच्च कोटि की रहेगी ।कार्यक्रम में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं समाजसेवी अखिलेश राय भी उपस्थित हुए। कार्यक्रम प्रारंभ होने से पूर्व एक वृहद यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें अखिलेश राय एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों ने आहुतियां दी। वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश का जन्मदिन होने के कारण यज्ञ के पश्चात सभी ने पुष्प वर्षा कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।कार्यक्रम में बोलते हुए अखिलेश राय ने वर्तमान समय में युवाओं में धार्मिक शिक्षा एवं चरित्र निर्माण हेतु इस तरह के आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। आपने बताया कि इस तरह के कार्यक्रम निरंतर समाज में होते रहना चाहिए जिससे कि हमारे युवा विभिन्न व्यसनों से बचें शरीर निर्माण करके राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकें।

कार्यक्रम में अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे जिसमें मुख्य रूप से आर्य समाज के प्रधान नरेश चंद्र आर्य, मंत्री आर्य रितेश राठौर, कोषाध्यक्ष राजकुमार राठौर, बाबूलाल आर्य, रामदीन आर्य, रामदयाल आर्य, रमेश चंद्र आर्य, संदीप आर्य,रमेश आर्य, शम्मी आर्य, विकास राठौड़, आर्यमन राठौर, सूर्यकांत आर्य, उप प्रधान तरुण जगबनी उपस्थित रहे वहीं भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रितेश राठौर, सचिव अजय मिश्रा, कोषाध्यक्ष अंकुश जैन, पंकज मोदी, प्रांत से सचिव रवि ठकराल, सुमित झवर, महेंद्र कौशल नवीन सोनी प्रदीप वशिष्ठ ,गगन मेहता,कैलाश विश्वकर्मा, संदीप परिहार, आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### नपाध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे

# शहरी आजीविका मिशन के तहत नगर पालिका ने किया वेबसाइट का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सीहोर नगर पालिका द्वारा दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के अंतर्गत संचालित सिटी लाइवलीहुड सेंटर सीहोर के लिए वेबसाइट का शुभारंभ किया गया। इस सेंटर को इमैजिन ग्रुप संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा है।

इस वेबसाइट के माध्यम से नागरिकों को (DAY-NULM) अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं, प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं रोजगार अवसरों की समस्त जानकारी एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध होगी। साथ ही आज से ही ₹3 दिवसीय टेलीकॉलर प्रशिक्षण कार्यक्रम₹ हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं एवं रोजगार की तलाश कर रहे हितग्राहियों के लिए तैयार किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्रभावी संचार कौशल, ग्राहक सेवा, कॉल हैंडलिंग तकनीक एवं डिजिटल माध्यमों के उपयोग का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।




प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा, साथ ही उन्हें टेलीकॉलर के रूप में स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। चयनित प्रतिभागियों को कुछ मामलों में घर से कार्य करने का अवसर भी प्रदान किया जाएगा, जिससे वे अपनी सुविधा अनुसार कार्य कर सकें।

वेबसाइट के शुभारंभ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने ने कहा कि सीएलसी द्वारा शुरू की गई यह वेबसाइट न केवल योजनाओं की जानकारी को सरल और सुलभ बनाएगी, बल्कि पारदर्शिता और पहुंच को भी बढ़ाएगी। इस अवसर पर नगर पालिका सीएमओ सुधीर सिंह ने कहा कि यह पहल डिजिटल सशक्तिकरण एवं रोजगार सृजन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। वेबसाइट के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचेगी और उन्हें लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी।₹ सीएलसी संचालक अमोल पोहेकर ने बताया कि टेलीकॉलर प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को कम समय में उपयोगी कौशल प्रदान कर उन्हें आय के अवसरों से जोड़ना है।

आने वाले समय में असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए एक ₹हैंडीमैन सर्विस मोबाइल ऐप₹ तथा स्व सहायता समूहों (SHG), स्ट्रीट वेंडर्स एवं स्थानीय व्यवसायों के लिए एक ₹ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म₹ भी लॉन्च किया जाएगा, जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष विपिन सास्ता, नितिन तिवारी, जागृति चौहान, प्रकाश राठौर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

WE ARE HIRING
Job Opening
CIRCULATION ASSISTANT MANAGER
Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post
Location : Raipur City
We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.
Qualifications :
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years
Responsibilities :
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records
How to Apply
Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com
Last Date to Apply : 10 April 2026
हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

## खबर संक्षेप



### किट से पेयजल परीक्षण करने का प्रशिक्षण दिया

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पीएचई विभाग द्वारा ग्राम नीलबड में आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिलाओं को एफ़टीके किट से पेयजल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही पंप ऑपरेटरर्स को नल जल योजना के संचालन, पेयजल स्त्रोतों की साफ़ सफ़ाई के लिए भी प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम कचनारिया में देरी नदी संगम तट पर ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया और नदी किनारे साफ सफाई की गई। इस अवसर पर सभी जल और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### 1826 बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 8 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 1826 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।

### छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन आमंत्रित

**सीहोर।** जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मध्यप्रदेश के अनुसूचित जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों को विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के लिये आवेदन निर्धारित प्रारूप में आमंत्रित किये गए हैं। विदेश में उच्च शिक्षा, शोध उपाधि उपरान्त अध्ययन, पीएचडी एवं स्नातकोत्तर करने के लिए चयनित अभ्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी। छात्रवृत्ति के लिए स्लॉटों की संख्या 50 निर्धारित की गई है। आवेदन पत्र का प्रारूप एवं विस्तृत जानकारी जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट tribal.mp.gov.in पर उपलब्ध है। योजना अंतर्गत अभ्यार्थियों का चयन वर्तमान प्रचलित योजना के नियमों में प्रावधान अनुसार किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जनजातीय कार्य विभाग की वेबसाइट पर अथवा भोपाल स्थित जनजातीय कार्य आयुक्त के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।


### कई बार शिकायत के बावजूद प्रशासन नहीं दे रहा ध्यान, रहवासी हो रहे परेशान

# गांव के मुख्य मार्ग पर अतिक्रमण से लोगों का आवागमन हो रहा बाधित

तहसील मुख्यालय से गांव पांगराखाती, बावड़ियां को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर गांव पठार के समीप कुछ लोगों द्वारा तार फेंसिंग व कांटेदार बांगड़ लगाकर अतिक्रमण कर लिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

विकासखण्ड मुख्यालय से महज 3 किमी दूर स्थित गांव तालाब का मुख्य मार्ग अतिक्रमण की चपेट में है। इसके चलते ग्रामीणों और किसानों को आवागमन में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों द्वारा रास्ते के दोनों ओर कंटीली झाड़ियां लगाकर अतिक्रमण कर लिया गया है। इससे मार्ग बेहद संकरा हो गया है। हालात यह है मार्ग की चौड़ाई बेहद कम होने के कारण ग्रामीणों को चार पहिया वाहन एवं किसानों को ट्रेक्टर - ट्राली निकालना भी दुभर हो रहा है। किसानों और ग्रामीणों का कहना है कि वह इस संबंध में प्रशासन के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गुरुवार को एक बार फिर बड़ी संख्या में गांव के किसान तहसील कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को



ज्ञापन सौंपकर उक्त मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की ताकि आवागमन आसान हो सकें।

तहसील मुख्यालय से गांव पांगराखाती , बावड़ियां को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर गांव पठार के समीप कुछ लोगों द्वारा तार फेंसिंग व कांटेदार बांगड़ लगाकर अतिक्रमण कर लिया है। अतिक्रमण के चलते रास्ते की चौड़ाई बेहद कम हो गई है। हालात यह है कि मार्ग संकरा होने के कारण इस पर आवागमन दुभर हो गया है। किसानों को खेतों खेत , खलिहानों एवं वाहन चालकों को आने - जाने में कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि रास्ते का अतिक्रमण हटवाने के लिए वह कई बार प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन कोई भी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे है। समस्या आज भी यथावत बनी हुई है। गुरुवार को एक बार फिर किसानों और ग्रामीणों ने तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में हमेशा की भांति इस बार भी उक्त मार्ग के अतिक्रमण हटवाने की मांग की गई है।

इस संबंध में एसडीएम इच्छावर स्वाती मिश्रा ने कहा कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

#### रास्ते के मध्य खोदा जा रहा है कुआं

एसडीएम को दिये ज्ञापन में आवेदकों ने यह भी कहा कि रास्ते के बीचोंबीच दिनेश प्रजापति पिता तेजपाल प्रजापति द्वारा कुएं का निर्माण किया जा रहा है। जिससे आवागमन बाधित होने के कारण आएं दिन विवाद की स्थिति बन रही है। प्रशासन ने समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया तो यह विवाद कभी भी गंभीर रूप ले सकता है। आवेदकों ने मार्ग को जल्दी ही अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ताकि लोगों का आवागमन आसान हो सकें। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से अशोक राठौर , बाबूलाल यादव , दिनेश वर्मा , सुरेश यादव , मूलचंद , जितेन्द्र राठौर , मोहित , तेजपाल , रामप्रसाद, कमलेश राठौर आदि के नाम शामिल है।

## सेवा शुल्क नहीं देने पर सचिव ने हितग्राही का आवास निरस्त करने की दी धमकी




**इछावर ।** साहब मैं गांव का एक गरीब आदमी हूॅ , पीएम आवास योजना की सूची में मेरा नाम शामिल है। मेरे द्वारा आवास की फाइल बनाकर जमा भी करवा दी गई है। लेकिन पंचायत सचिव द्वारा आवास की किश्त डालने में आनाकानी की जा रही है। वह खाते में किस्त डालने के नाम पर 10 हजार रुपए की मांग कर रहे है। मेरे पास इतनी राशि नहीं है कि सचिव को दें सकूं। कृपया मेरे खाते में किश्त की राशि डलवा दें ताकि मैं अपना आवास बना सकूं। यह गुहार गांव दीवड़िया निवासी रामसिंह वर्मा ने गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक आवेदन देते हुए लगाईं। साथ ही आवेदन ने आरोपी पंचायत सचिव के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्रापं दीवड़िया निवासी रामसिंह वर्मा पिता गणपत सिंह वर्मा ने गुरुवार को तहसील कार्यालय पहुंचकर एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा। जिसमें आवेदक ने पंचायत सचिव केशव मेथिल पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने सहित कई गंभीर आरोप लगाएं है। आवेदक ने बताया कि पंचायत की आवास सूची में उसका नाम शामिल हैं। और आवास भी स्वीकृत हो चुका है। लेकिन पंचायत सचिव द्वारा मेरे एकाउंट में आवास किश्त की राशि नहीं डाली जा रही है। वह किश्त डालने के नाम पर मुझसे 10 हजार रुपए की मांग कर रहे हैं। मेंने राशि देने में असमर्थता जताई तो आरोपी सचिव ने कहा कि वह आवास निरस्त कर देगा।

हितग्राही ने ज्ञापन में एसडीएम से आवास की राशि डलवाने के साथ ही आरोपी के खिलाफ जांच कर उचित कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में एसडीएम इछावर स्वाति मिश्रा ने बताया कि हितग्राही का आवेदन प्राप्त हुआ है । मामले की जांच कराई जा रही है, जांच में दोषी पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पांच करोड़ से अधिक लागत में बने हनुमान मंदिर में होगी प्राण-प्रतिष्ठा

**सीहोर।** शहर के बस स्टैंड स्थित बालाजी सरकार श्री हनुमान मंदिर का प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आगामी 19 अप्रैल से किया जाएगा। इस मौके पर भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडल प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। बालाजी की तर्ज पर नवनिर्मित मंदिर का निर्माण करीब पांच करोड़ से अधिक की राशि से किया गया है। यज्ञशाला में शामिल होने वाले यजमानों के लिए मंदिर में कक्ष का निर्माण किया गया है। यज्ञ में बैठने वाले मंदिर में संपर्क कर जानकारी ले सकते है।



श्रीश्री 108 श्री दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में श्री हनुमान मंदिर बस स्टैंड समिति के अध्यक्ष रुद्रप्रकाश राठौर और पंडित अनिल शास्त्री सहित अन्य ने मंदिर के सामने बनाई गई भव्य यज्ञ शाला का जायजा लिया। महायज्ञ शाला में भव्य श्री 21 कुण्डीय श्रीराम यज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मेहंदीपुर बालाजी मंदिर भगवान हनुमान हिंदू देवता जिन्हें संकट मोचन माना जाता इसी का रूप अब करोड़ों रुपए की लागत से शहर के बस स्टैंड पर श्री सिद्ध हनुमान मंदिर प्रसिद्ध होने जा रहा है। करीब पांच करोड़ से बनाए जाने वाले हनुमान मंदिर में राजस्थान से लाखों रुपए से मंगाई गई जहां पर हनुमान जी के साथ ही भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और जानकी की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर देश भर के प्रसिद्ध संतों का समागम होगा। सत्प दिवसीय 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ के लिए भव्य यज्ञशाला का निर्माण किया गया है।

इसमें करीब 84 से अधिक यजमानों के द्वारा पूर्ण विधि-विधान से यज्ञ संचालक पंडित दुर्गा प्रसाद कटारे बाबा के मार्गदर्शन में यज्ञाचार्य पंडित दीपक शास्त्री के द्वारा आहुतियां दी जाएगी। 19 अप्रैल को भव्य कलश यात्रा, पंचाग पूजन, मंडप प्रवेश, जलाधिवास, राम रक्षा स्त्रोत एवं हनुमान चालीसा पाठ तथा मानस सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। 20 अप्रैल को देव स्थापना, अग्नि स्थापना, हवन, अन्नाधिवास, एवं मानस सम्मेलन, 21 अप्रैल को देव पूजन, हवन, पुष्पाधिवास, लताधिवास, फलाधिवास के अलावा 22 अप्रैल को देव पूजन, हवन, मिष्ठानाधिवास, घृताधिवास, 23 अप्रैल को देव पूजन, हवन, महाभिषेक और भव्य शोभा यात्रा राम बारात, 24 अप्रैल को देव पूजन, हवन, प्राण-प्रतिष्ठा, महा आरती और 25 अप्रैल को हवन एवं पूर्णाहुति और भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

### एसडीएम ने बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए किया प्रेरित

**सीहोर।** भैरूंदा एसडीएम सुधीर कुशवाह ने राष्ट्रीय एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के अंतर्गत भैरूंदा के शासकीय संदीपनी स्कूल में बीईओ एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर बालिकाओं को वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने बालिकाओं और उनके अभिभावकों को एचपीवी टीकाकरण का महत्व बताते हुए टीकाकरण के लिए प्रेरित किया और एचपीवी का टीका लगवाने की अपील की।




## जिले के खिलाड़ियों ने खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026" के तहत प्रतियोगिताओं का आयोजन 25 मार्च से 03 अप्रैल तक रायपुर में किया गया। देवास के खिलाड़ियों का दमदार प्रदर्शन, चौथा स्थान प्राप्त'' किया। कलेक्टर ऋतुराज सिंह, पुलिस अधीक्षक पुनीत गेहलोद, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया तथा जिला खेल अधिकारी ने खिलाडियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन पर बधाई दी।

अधिकारियों ने कहा कि खिलाड़ियों की यह उपलब्धि जिले के लिए गर्व का विषय है और भविष्य में वे और भी बेहतर प्रदर्शन करेंगे। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देवास जिले के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का नाम रोशन किया।



देवास के मोहित कर्मा, अंकित नागलोथ और अंकित भूरिया ने पुरूष वर्ग में तथा मनीषा भूरिया ने महिला वर्ग में भाग लिया। सभी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता में चौथा स्थान हासिल किया। पूरे टूर्नामेंट में मयंक ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए 08 गोल दागे।

वहीं अंकित ने 02 गोल और मनीषा भूरिया ने भी 03 गोल कर टीम के प्रदर्शन में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

### नवकार महामंत्र के जाप करने से कर्मों का नाश होता हैः मुनि संस्कार सागर

**सीहोर।** श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे विश्व नवकार महामंत्र पावन दिवस पर मुनिश्री संस्कार सागर जी, छुल्लक कमल सागर महाराज के सानिध्य मे श्री नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर विशेष मे शांति, सदभाव, भगवान महावीर का संदेश अहिसा से विश्व का कल्याण हो इस पवित्र भावना के साथ निर्धारित समय प्रातः 8 से बजे तक जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आव्हान पर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाओ ने प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक सामूहिक नवकार महामंत्र जाप कर पुण्य लाभ अर्जित किया ।

इस अवसर पर मुनि संस्कार सागर महाराज ने धर्म सभा मे प्रवचन के दौरान श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने नवकार महामंत्र के अर्थ भावार्थ और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और अनादि मूल मंत्र है, जो किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि पाँच परम-पदो अर्थात पंच परमेष्ठि को नमस्कार करता है।

### सीहोर रेड ने सीहोर बाइज को 1-0 से हराया

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर निशुल्क ब्लाक स्तरीय प्रशिक्षण और फुटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार की शाम को दो मुकाबले खेले गए। इसमें पहले मुकाबले में सीहोर रेड ने सीहोर बाइज को रोमांचक मैच में 1-0 से हराया। इसके अलावा दूसरा मुकाबला सीहोर चिल्ड्रन-सीहोर ग्रीन के मध्य खेला गया। इसमें सीहोर चिल्ड्रन की टीम 2-0 से विजय रही। जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहला मैच सीहोर रेड और सीहोर बाइज के मध्य खेला गया। इस रोमांचक मुकाबले में पहले तीन मिनिट में सीहोर रेड की ओर से स्ट्राइकर अलतमस ने एक गोल कर अपनी टीम को 1-0 से जीत दिलाई।

## वर्ल्ड हेल्थ वर्कर वीक पर आयोजित कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को किया गया सम्मानित

**सीहोर।** महिला एवं बाल विकास विभाग और नयी दिशा संस्थान द्वारा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को उनके मौजूदा ढांचे के माध्यम से सशक्त बनाने और विकास में देरी वाले बच्चों को बेहतर सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से आईसीडीएस के अंतर्गत "सारथी" प्रोजेक्ट संचालित किया जा रहा है।




प्रोजेक्ट के तहत वर्ल्ड हेल्थ वर्कर वीक के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, समर्पण एवं निष्ठा का सम्मान करना था। साथ ही, उन्हें परिवारों के सशक्त ₹सारथी₹ के रूप में और अधिक सक्षम बनाना था, ताकि वे समाज के प्रत्येक परिवार तक स्वास्थ्य, पोषण एवं सशक्तिकरण का संदेश प्रभावी रूप से पहुँचा सकें।

इस अवसर सभी आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया और समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर श्रीमती प्रियंका राय दिवान, श्रीमती सारिका राठौर,सारथी टीम एवं आँगनवाड़ी कार्यकर्ताएं उपस्थित थीं।

### भोपाल नाके से हाथ में तख्ती लेकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे शिक्षक

# टीईटी 2026 परीक्षा स्थगित करने निकाली रैली संयुक्त मोर्चा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) 2026 को लेकर शिक्षक संयुक्त मोर्चे ने मध्यप्रदेश सरकार से परीक्षा स्थगित करने और इस विषय में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करने की मांग की है। इस संबंध में संयुक्त मोर्चा के बैनर तले बड़ी संख्या में शिक्षकों ने रैली निकाल कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्टर के माध्यम से सौंपा। शिक्षक बड़ी संख्या में बाल विहार मैदान में एकत्र हुए ।

संयुक्त मोर्चे के प्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में इस संबंध में अपने अपने विचार प्रस्तुत किए।उसके बाद शिक्षकों ने बाल विहार मैदान से लिसा टॉकीज, कोतवाली चौराहे होते हुए इंग्लिश पूरा भोपाल नाके तक रैली से कलेक्ट्रेट पहुंच कर ज्ञापन दिया।

संयुक्त मोर्चा का कहना है कि प्रदेश में वर्ष 1998 से 2003 के बीच नियुक्त हुए शिक्षक विभागीय नियमों और मापदंडों के आधार पर नियुक्त किए गए थे। इसके बाद वर्ष 2005 और 2008 में संविदा शाला शिक्षक, शिक्षाकर्मी और गुरुजी की पात्रता परीक्षाएं आयोजित की गई थीं, जिन्हें उत्तीर्ण करने के बाद ही शिक्षकों की नियुक्ति की गई। संयुक्त मोर्चा के अनुसार वर्ष 2011 के बाद नियुक्त शिक्षक पहले ही शिक्षक पात्रता परीक्षा उत्तीर्ण कर चयनित हुए हैं और कई शिक्षक पिछले 20 से 22 वर्षों से अध्यापन कार्य कर रहे हैं। ऐसे में वर्तमान




आदेश से प्रदेश के लगभग डेढ़ लाख शिक्षक प्रभावित हो सकते हैं। संयुक्त मोर्चा ने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने इस मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर की है और निर्णय आने तक परीक्षा स्थगित रखी गई है। इसी आधार पर मध्यप्रदेश सरकार से भी अनुरोध किया गया है कि वह शिक्षकों के हित में सर्वोच्च न्यायालय में पुनर्विचार याचिका दायर करे और अंतिम निर्णय आने तक शिक्षक पात्रता परीक्षा को स्थगित रखने के निर्देश जारी करे।

इस अवसर पर विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जिनमें सतीश त्यागी,संजय सक्सेना , विश्वजीत त्यागी ,सवाई सिंह परिहार, शिव नारायण गौर,कमल बैरागी, राजेंद्र सिसोदिया, प्रदीप नागिया, बलराम पंवार,राजेंद्र परमार, यशवंत ठाकुर,जीवन सिंह ठाकुर, चंदर सिंह ठाकुर,जागेश्वर भगत, दिनेश मेवाड़ा, जय सिंह ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, राजेंद्र ठाकुर, गोपाल ठाकुर, इंदर सिंह ठाकुर,बद्री प्रसाद मालवीय,मदन परमार, महेश मालवीय,हेमंत मालवीय, रमन तिवारी, राजेश राठौर,मुबारिक खान, महेश राठौर,राजेश्वर तिवारी, अर्जुन सिंह,नरेश मेवाडा, सीता राठौर, नीलू गेहलोत, स्मिता मूंदड़ा, अर्चना शर्मा,अर्चना नामदेव, रेखा वर्मा, दीपाली सेन शशिकला पांडे, महेंद्र सोलंकी,वी पी वर्मा, नरेंद्र सोलंकी, चंदर वर्मा, महेंद्र बाथम,मुकेश मालवीय, रितु तिवारी, शैलेन्द्र चौहान, जितेंद्र कलमोदिया, सम्राट ढोके,आलोक श्रीवास्तव लक्ष्मण बैरागी, आशीष शर्मा, जितेंद्र कुमार सेन,जाहिद अफजल ,आशीष वर्मा ,नरेश गुर्जर, यशपाल ठाकुर ,महेंद्र सिंह सिसोदिया , घनश्याम कुशवाह,,राजेश सेन, , दिनेश शर्मा ,अमित जोशी ,पवन त्यागी, गोपाल त्यागी राजकुमार शर्मा ,अनिता पाटिल, अमिता आहूजा,कालीचरण वर्मा यशपाल राठौर,अनिल भीलाला ,राजेंद्र तिवारी, मानसिंह केलवा,श्याम प्रजापति, महेंद्र वर्मा, राजेन्द्र देवलिया, खेमराज वर्मा, विनोद सेनी, रामबाबु पाटिल, भानू प्रतापसिंह, भैयालाल प्रजापति, जीवन सिंह मेहरा, नीरजपाल सिंह, मनोज श्रीवास्तव, सुनील विश्वकर्मा, दशरथ सिंह, ओमप्रकाश भावसार, लखन सिंह अहिरवार, राजेश कसोटिया, इलियास खान, यशपाल राठौर, रितेश राठौर, ओमप्रकाश मालवीय, सुशील सौलेकी ,अर्चना कुशवाह,रश्मि मालवीय,किरण शर्मा, सहित सैकड़ो की संख्या में शिक्षक उपस्थित है।

## शहर में 3 दिन तक होगा रूहानी कव्वालियों का शानदार मुकाबला




**सीहोर।** तीन दिनों तक शहर में रूहानी कव्वालियों का शानदार मुकाबला होगा। हजरत दुल्हा बादशाह दरगाह पर तीन दिवसीय उर्स मुबारक का आयोजन होगा। हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल अपना कलाम पेश करेंगे। कोतवाली चौराहा से चादर जुलूस निकाला जाएगा। दरगाह पर चादर पेश कर उर्स मुबारक शुरू किया जाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय सम्मिलित होंगे। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा सासंद आलोक शर्मा,नगर पालिका अध्यक्ष विकास प्रिंस राठौर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, ऑल इंडिया मुस्लिम त्यौहार कमेटी अध्यक्ष शमशुलहसन बल्ली, समाजससेवी संरक्षक सूफी नफीस बाबा, मुनव्वर कौसर, राहुल निहोरा मनोज शर्मा रहेंगे।

राष्ट्रीय पसमांदा महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उर्स कमेटी अध्यक्ष नोशाद खान ने बताया कि आगामी 5 मई से 7 मई तक उर्स रहेगा।

उर्स के दौरान हिंदुस्तान के मशहूर कव्वाल हलीम ताज 7 मई की रात अपना कलाम पेश करेंगे। भोपाल के सादिक वज और साबरी कव्वाल,कसीम के द्वारा कव्वालियां प्रस्तुत की जाएगी। दरगाह कमेटी अध्यक्ष रिजवान पठान ने बताया कि शहर सहित आसपास के हजारों लोग उर्स में शामिल होंगे।

### पुलिस की गहन विवेचना में हुआ खुलासा, प्रेस कॉन्फ्रेंस में एडिशनल एसपी ने बताई जानकारी

# आठ नहीं बल्कि जीरापुर के रामगढ़ में बने थे 250 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़/जीरापुर

विगत दिनों जिले के जीरापुर विकासखंड के तहत आ रहे है रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में सामने आए 8 फर्जी जन्म-प्रमाण पत्र के मामले में पुलिस की विस्तृत जांच में नया खुलासा हुआ है। यह पूरा गड़बड़झाला सिर्फ आठ फर्जी जन्म प्रमाण पत्र तक ही सीमित नहीं था बल्कि आरोपियों ने अपने अलग-अलग उद्देश्यों को पूरी करने के लिए एक ही महीने में 137 जन्म प्रमाण पत्र जनरेट किए जो न केवल राजगढ़ बल्कि तेलंगाना सहित भारत के अन्य राज्यों के बच्चों के भी बनाए गए।

इस मामले में आरोपी बनाए गए हैं जिन पर 6 लोगों पर 420 सहित अन्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मुख्य आरोपी तत्कालीन कंप्यूटर ऑपरेटर था जिसे विभाग पहले ही बर्खास्त कर चुका है।

जिला राजगढ़ में फर्जी दस्तावेज तैयार करने वाले आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना माचलपुर पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है।

#### अन्य राज्यों के नाम से भी तैयार हुए बर्थ सर्टिफिकेट

पुलिस जांच में सामने आया के कई प्रमाण पत्र अन्य राज्यों (राजस्थान, सिक्किम, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तरप्रदेश) के व्यक्तियों के बनाए गए। कई प्रमाण पत्र 1950 से 1980 के मध्य के पाए गए, जबकि उस समय उक्त केन्द्र में डिलीवरी ही नहीं होती थी। उफर पोर्टल पर फर्जी दस्तावेज स्कैन कर अपलोड किए गए साथ ही एमओ को इस संबंध में कोई जानकारी ही नहीं थी क्योंकि एमओ ने अपना रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर और आधिकारिक आईडी ऑपरेटर अर्जुन को देखी थी। शासकीय ईमेल आईडी का उपयोग भी इस पूरे फर्जीवाड़ी में किया गया।


स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप, पूरी जांच के लिए साइबर पुलिस को सौंप केस
रामगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से बन गए 8 फर्जी जन्म प्रमाण-पत्र

#### मुख्य आरोपी ने उगला यह सच

अपने तरीके से की गई पूछताछ में मुख्य आरोपी अर्जुन ने कबूल किया कि आधार कार्ड में नाम/जन्मतिथि संशोधन कराने के लिए फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाते थे। लोकसेवा केन्द्र, आधार सेंटर एवं एमपी ऑनलाइन संचालकों के माध्यम से ग्राहकों को जोड़ा जाता था और संबंधित व्यक्तियों की जानकारी व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जाती थी। बिना किसी वैध दस्तावेज के पोर्टल पर एंट्री कर प्रमाण पत्र जारी किए जाते थे। आरोपी प्रति प्रमाण पत्र 500 से 1000 रुपये तक लेते थी जो सबमें बटते थे। आरोपियों ने करीब 250 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने की बात स्वीकार की।

#### यह हैं 6 आरोपी

गड़बड़झाले को अंजाम देने वाले आरोपियों में अर्जुन पिता रमेशचंद्र बैरागी, निवासी ग्राम लखौनी थाना माचलपुर, देवीलाल पिता गंगाराम गुर्जर निवासी कचनारिया, गिरिराज पिता हरि सिंह मीणा निवासी ढुपाड़िया थाना जीरापुर, पवन पिता प्रेम सिंह राठौड़ निवासी धत्रवाड़ा थाना जीरापुर, जसवंत गुर्जर एवं भगवान सिंह गुर्जर निवासी फिरोजपुर थाना माचलपुर एवं सोनू पिता देवीलाल शर्मा निवासी राजपुरा थाना माचलपुर शामिल है।

**यह था पूरा मामला**

डॉ. सुनील चौरसिया, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जीरापुर द्वारा प्रस्तुत आवेदन के आधार पर थाना माचलपुर में अपराध क्रमांक 92/26 पंजीबद्ध कर धारा 318(4), 338, 336(3) बीएनएस के तहत दिनांक 06/04/2026 को प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। बीएमओ ने अपने प्रतिवेदन में जिक्र किया की अर्जुन बैरागी जो रामगढ़ अस्पताल में ही डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर पदस्थ था। माह फरवरी 2026 में पीएचसी में रामगढ़ में एक भी डिलीवरी नहीं हुई, इसके बावजूद अर्जुन ने 137 जन्म प्रमाण पत्र जारी किए। संबंधित जन्म प्रमाण पत्रों के लिए कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ। कई प्रमाण पत्र 01/04/2007 के पूर्व के बनाए गए जो कि शासकीय अस्पताल द्वारा जारी करना नियम विरुद्ध है

## 6 वर्षीय बालिका से दुष्कर्म, आरोपी को 10 साल का सश्रम कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

सीलखेड़ा गांव में एक 6 साल की बच्ची के साथ निंदनीय एवं घिनौनी हरकत करने वाले आरोपी को ब्यावरा कोर्ट ने 10 साल के सश्रम कारावास से दंडित किया है। आरोपी पर जुर्माना भी अधिरोपित किया गया है।

#### क्या था पूरा मामला?

घटना 23 फरवरी 2025 की है जब करीब 6 साल की एक बच्ची अपने पड़ोस में ही खेल रही थी इसी दौरान बजे सिंह पिता मदनलाल निवासी सील खेडा थाना मलावर बालिका को कुछ पैसों का लालच देकर अपने घर के कमरे में ले गया। यहां बजे सिंह ने बालिका के साथ कुछ घिनौनी हरकतें की। इसी समय आरोपी की पत्नी भी कमरे में अचानक आ गई कुछ देर बाद बालिका को वहां से भगा दिया गया। बालिका आरोपी बजे सिंह को बस बाबा बड़े पापा का कर पुकारती थी और इसी का फायदा उठाकर उसने निकृष्टतम घटना को अंजाम दिया।




बच्ची ने घर पहुंच कर पूरी बात अपनी मां को बताई। बाद में परिजनों द्वारा मलावर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज करवाई गई। इसी मामले की सुनवाई के दौरान ब्यावर प्रथम न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने तमाम सबूतो एवं गवाहों की बिना पर आरोपीय बजे सिंह को 10 साल की सजा सुनाई है। मामले में शासन की तरफ से सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्रीमती डॉली गुप्ता ब्यावरा द्वारा पेरहवी की गई।

### नाबालिग बालिका भोपाल बस स्टैंड पर सकुशल मिली, आरोपित गिरफ्तार

कुरावर। पुलिस मुख्यालय मध्यप्रदेश द्वारा संचालित ऑपरेशन मुस्कान अभियान के अंतर्गत कुरावर पुलिस को सफलता प्राप्त हुई है, जिसमें अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे के भीतर भोपाल बस स्टैंड से सुरक्षित बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। उल्लेखनीय है कि दिनांक 06/04/2026 को फरियादी द्वारा थाना कुरावर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बालिका बिना बताए घर से कहीं चली गई है। उक्त रिपोर्ट पर थाना कुरावर में अपराध क्रमांक 103/2026, धारा 137(2) इठर के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। मामला नाबालिग बालिका से संबंधित होने के कारण पुलिस द्वारा तत्काल गंभीरता से संज्ञान लेते हुए टीम गठित कर विभिन्न संभावित स्थानों पर तलाश प्रारंभ की गई। तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण एवं सतत प्रयासों के फलस्वरूप पुलिस टीम द्वारा भोपाल बस स्टैंड से बालिका को सकुशल दस्तयाब किया गया। इस दौरान आरोपी शुभम वंशकार पिता पप्पूलाल वंशकार उम्र 20 वर्ष निवासी सूरजपोल, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़ को गिरफ्तार किया गया है। बालिका के कथनों के आधार पर आरोपी के विरुद्ध अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।इस सराहनीय कार्यवाही में निरीक्षक जितेंद्र सिंह मावई, उनि अरविंद सिंह राजपूत, उनि मेहरबान सिंह मेचन, प्रआर प्रमोद, आर नवल, आर संदीप, मआर रानी, मआर मनीषा, साइबर सेल पवन मीणा प्रमुख थे।

### समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए निर्देश


## उपार्जन में गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं डबल पंजीयन निरस्त करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उपार्जन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी अजीत कुमार सिंह, उप संचालक कृषि सचिन जैन सहित एसएलआर, नान एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में उपार्जन कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए सख्त निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। डीएमओ राजगढ़ बाबन शर्मा के बैठक में अनुपस्थित रहने पर कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उनके विरुद्ध कार्यवाही हेतु कमिश्नर को पत्राचार करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने निर्देशित किया कि जिन समितियों में पंजीयन की संख्या अधिक है, वहां विशेष जांच की जाए। डबल पंजीयन पाए जाने पर तत्काल निरस्त करने के निर्देश दिए गए।

इसके साथ ही पटवारी एवं समिति ऑपरेटर को समन्वय के साथ अन्य नामों से किए गए पंजीयन का सत्यापन करने को कहा गया। बैठक में सभी एसडीएम से उपखंडवार रकबे की जानकारी ली गई। गलत रकबे पर पंजीयन कराने वाली समितियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए छाया एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



## टीईटी विरोध में शिक्षकों ने सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

सालों से शिक्षा विभाग में कार्य कर रहे शिक्षकों, अध्यापकों के लिए टीईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने की अनिवार्यता को लेकर जिले का पूरा शिक्षक समुदाय एकजुट खड़ा हो गया है।

बुधवार को राजगढ़ मुख्यालय पर अलग-अलग शिक्षक संगठनों के सैकड़ो शिक्षकों ने एकत्रित होकर शांतिपूर्ण प्रदर्शन करते हुए प्रशासन को ज्ञापन सौंप कर अपनी मंशा से अवगत कराया। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा सदस्य सुरेश दांगी, भगवान सिंह राणावत, चंदर सिंह तोमर, हेमराज शर्मा, रमेश चंद्र मालवीय, बलवंत सोधिया, जगदीश भलवाला, राजेंद्र सिंह खिंची के नेतृत्व में जिले के हजारों शिक्षकों ने बुधवार दोपहर शिक्षक पात्रता परीक्षा की बाध्यता समाप्त करने एवं नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता हेतु जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन आक्रोश रैली निकालते हुए प्रदेश के महामहिम राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम निधि भारद्वाज को ज्ञापन सौंपा।

### प्रशासन की नाकामी से गेहूं खरीदी पर बड़ा संकट

## वादों की पोल खुली! फिर तालाबंदी कर हड़ताल पर पहुंचे सोसाइटी कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर




राजगढ़ जिले में प्रशासन के आश्वासनों की हकीकत एक बार फिर उजागर हो गई है जिले की सभी सहकारी सोसाइटी के कर्मचारी उदनखेड़ी सहकारी समिति में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं, जिससे पूरे जिले में गेहूं खरीदी,सहकारिता के कामकाज , व्यवस्था चरमराने लगी है। बताया जा रहा है कि इससे पहले भी कर्मचारियों ने मार्च माह में हड़ताल की थी, लेकिन जिला कलेक्टर गिरीश कुमार मिश्रा के लिखित आश्वासन के बाद उसे स्थगित कर दिया गया था। कर्मचारियों को उम्मीद थी कि उनकी पदोन्नति सहित अन्य मांगों पर जल्द निर्णय होगा, लेकिन प्रशासन की सुस्ती और अनदेखी के चलते आज तक कोई समाधान नहीं निकला। पदोन्नति की मांग को लेकर भड़के कर्मचारि संघ के जिला अध्यक्ष विश्राम सिंह मीणा का साफ कहना है अब सिर्फ आश्वासन नहीं, फैसला चाहिएह्व कई बार ज्ञापन देने और बातचीत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो कर्मचारियों ने फिर आंदोलन का रास्ता अपनाया।

### आत्महत्या की रोकथाम, कॅरियर, हेल्दी हैबिटस के लिए आयोजन हुआ

जीरापुर। शासकीय महाविद्यालय में एन टी एफ द्वारा विद्यार्थियों के लिए आत्म हत्या रोकथाम, करियर काउंसलिंग एवं हेल्दी हैबिट्स जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। जिसमें प्रभारी प्राचार्य डॉ . चाष्टा द्वारा विद्यार्थियों को तनाव मुक्त रहने और आत्म हत्या जैसे कदम न उठाने के लिए पथ प्रदर्शित किया और आशा पुर्ण जीवन जीने संबंधी दिशा निर्देश दिए गए । संयोजक पुष्पेंद्र कुमार अहिरवार द्वारा विद्यार्थियों को हेल्दी हैबिट्स को अपनाने एवं अपने जीवन को सफल बनाने के लिए इन आदतों का पालन करना आवश्यक है। इसमें दिव्यांश शर्मा, हेमेंद्र फौजदार , डॉ रीना पाटीदार , मुकेश सेन , डॉ रश्मि सोनी,कनीज अंसारी आदि थे।

### बायपास मार्ग जांच में उलझा, नगर परिषद नोटिस देकर निभा रही औपचारिकता

## बायपास बन गया भ्रष्टाचार का रास्ता? जांच के घेरे में 1.72 करोड़ का प्रोजेक्ट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरावर

नगर परिषद द्वारा करीब 1 करोड़ 72 लाख रुपए की लागत से बनाया गया बायपास मार्ग शुरू होते ही विवादों में घिर गया है। निर्माण में अनियमितताओं और घटिया गुणवत्ता के आरोपों के चलते यह मार्ग अब जांच के घेरे में है। बावजूद इसके जिम्मेदारों की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। ठेकेदारों की लापरवाही खुलकर सामने आ रही है, जबकि नगर परिषद केवल नोटिस जारी कर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ती नजर आ रही है।

#### दो एजेंसियों को मिला था निर्माण कार्य

जानकारी के अनुसार इस बायपास मार्ग का निर्माण कोरोना काल के दौरान शुरू किया गया था। निर्माण कार्य दो एजेंसियों को सौंपा गया था। भोपाल की ओम इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा लगभग 1100 मीटर सीसी रोड का निर्माण करीब 98 लाख रुपए में किया गया। शेष 600 मीटर मार्ग का निर्माण नरसिंहगढ़ की विजय शर्मा निर्माण एजेंसी द्वारा लगभग 74 लाख रुपए में किया गया।

#### गुणवत्ता पर उठे गंभीर सवाल

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोरोना जैसे आपदा काल में ठेकेदारों, अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने निर्माण कार्य में गुणवत्ता से समझौता किया। परिणामस्वरूप सड़क कुछ ही समय में क्षतिग्रस्त होने लगी और अब जगह-जगह खराब स्थिति में दिखाई दे रही है। निर्माण की खामियां इतनी गंभीर हैं कि कई स्थानों पर पेड़ों की जड़ों के ऊपर तो कहीं कटे हुए पेड के तने पर ही सीमेंट-कंक्रीट डाल दिया गया। न तो उचित अर्थवर्क किया गया और न ही तकनीकी मानकों का पालन हुआ।

#### सौर लैंप भी हुए बेकार

सड़क किनारे लगाए गए दो दर्जन से अधिक सौर ऊर्जा लैंप भी शुरू होने के बाद से ही खराब हो चुके हैं। रात के समय मार्ग पर अंधेरा रहता है, जिससे आमजन को किसी प्रकार की सुविधा नहीं मिल पा रही।

#### दो बार रुका निर्माण, फिर भी नहीं सुधरी स्थिति

600 मीटर के शेष निर्माण कार्य को गुणवत्ता के कारण दो बार रोका गया, लेकिन इसके बावजूद निर्माण में सुधार नहीं हुआ। आज पूरा मार्ग बदहाली की कहानी खुद बयां कर रहा है।

#### नोटिस तक सीमित कार्रवाई

नगर परिषद ने ठेकेदारों को नोटिस तो जारी किए हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। मार्ग क्षतिग्रस्त होने के बावजूद ठेकेदार मरम्मत के लिए मौके पर नहीं पहुंचे हैं। इससे प्रशासनिक सख्ती पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

#### जनता में नाराजगी जांच की मांग

नगरवासियों का कहना है कि करोड़ों रुपए खर्च करने के बाद भी उन्हें बेहतर सड़क सुविधा नहीं मिल पाई। उल्टा यह मार्ग अब दुर्घटनाओं का कारण बन सकता है। लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल, यह बायपास मार्ग नगर में चर्चा का विषय बना हुआ है। जनता को अब जांच रिपोर्ट और ठोस कार्रवाई का इंतजार है, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही पर रोक लगाई जा सके।

#### राजनीतिक मुद्दा बनने के आसार

यह मामला आगामी नगर परिषद चुनाव में बड़ा मुद्दा बन सकता है। अधूरा और क्षतिग्रस्त विकास कार्य जनता के बीच चर्चा का केंद्र बनता नजर आ रहा है।

#### क्या कहते हैं जिम्मेदार?

मुख्य नगर पालिका अधिकारी लीलाधर सेन का कहना है कि बायपास मार्ग के संबंध में पूर्व में क्या कार्रवाई हुई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने बताया कि एक और नोटिस जारी किया जा रहा है और यदि निर्माण एजेंसी मरम्मत नहीं करती है तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

### लाखों की लागत से बन रहा सरकारी रेस्ट हाउस चढ़ा भ्रष्टाचार की भेंट

**बीम-कॉलम में दरारें, लीपापोती से छुपाया जा रहा घटिया निर्माण**

**तकनीकी मापदंडों की खुलेआम अनदेखी**



सारंगपुर। वर्षों से नगर में एक व्यवस्थित विश्राम गृह (रेस्ट हाउस) की मांग की जा रही थी। पुराने विश्राम गृह के अनुपयोगी हो जाने के कारण जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों तक को निजी होटलों या दूरस्थ स्थानों पर रुकने के लिए मजबूर होना पड़ता था। इस समस्या को देखते हुए राज्य शासन द्वारा करोड़ों रुपये की लागत से सारंगपुर में नए सर्वसुविधायुक्त विश्राम गृह के निर्माण को स्वीकृति दी गई। निर्माण कार्य का तकनीकी प्रस्ताव पीआईयू विभाग द्वारा तैयार किया गया और तय डिजाइन के अनुसार टेंडर प्रक्रिया पूरी कर विधिवत भूमि पूजन के बाद काम शुरू किया गया। इस परियोजना की निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण की जिम्मेदारी भी पीआईयू विभाग के पास है, लेकिन वर्तमान स्थिति को देखकर विभाग की भूमिका पर सवाल खड़े हो रहे हैं। निर्माण कार्य अभी शुरुआती चरण में ही है, लेकिन इसी दौरान बीम और कॉलम में दरारें दिखाई देने लगी हैं, जो निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिन्ह लगाती हैं। मौके पर मौजूद मजदूर इन दरारों को प्लास्टर और सीमेंट से ढककर छुपाने का प्रयास करते नजर आए, जिससे साफ जाहिर होता है कि घटिया सामग्री और लापरवाही के साथ काम किया जा रहा है।

स्थल निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि मौके पर न तो कोई जिम्मेदार इंजीनियर मौजूद था और न ही विभाग का कोई अधिकृत कर्मचारी। ऐसे में पूरा निर्माण कार्य मानो भगवान भरोसे चल रहा है। यह स्थिति भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना को निमंत्रण दे सकती है। स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने मांग की है कि इस मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि सार्वजनिक धन का दुरुपयोग रोका जा सके और गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित हो सके।

**बोले जिम्मेदार...**

आपने जानकारी दी में इंजीनियर को देख कर दिखबाती हु कार्य गुणवत्ता पूर्ण कराया जायेगा।
स्वाति अग्रवाल पीआईयू राजगढ़,

### 7 जोड़े बंधेंगे परिणय सूत्र में, गरीब परिवारों की बेटियों के लिए अनूठी पहल की शुरू

## गांगाहोनी में सुरेश गिरी करा रहे 7 जोड़ों का निःशुल्क विवाह, उपहार में मिलेगी स्कूटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा



गंगाहोनी में समाजसेवा और दरियादिली की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए ग्राम गांगाहोनी के समाजसेवी सुरेश गिरी द्वारा आज 10 अप्रैल को गोस्वामी समाज का 6वां भव्य निःशुल्क कन्या विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। इस पुनित कार्य की सबसे खास बात यह है कि इस पूरे आयोजन का भार स्वयं सुरेश गिरी द्वारा उठाया जा रहा है और किसी भी बाहरी व्यक्ति या संस्था से कोई सहयोग नहीं लिया गया है। इस सम्मेलन में गोस्वामी समाज के 7 जोड़े वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह बंधन में बंधेंगे। सुरेश गिरी पिछले कई वर्षों से लगातार निःशुल्क विवाह सम्मेलन का आयोजन कर कन्याओं के हाथ पीले करने का संकल्प निभा रहा है। यह इस कड़ी का छठा सफल आयोजन है, जिसे लेकर समाज और क्षेत्र में काफी उत्साह देखा जा रहा है।

#### उपहार में 'स्कूटी' और गृहस्थी का संपूर्ण सामान

नवदंपत्तियों के सुखद भविष्य और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सुरेश गिरी द्वारा प्रत्येक जोड़े को उपहार स्वरूप एक-एक स्कूटी अलमारी कुलर 25 बर्तन पलंग बिस्तर प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही घर की गृहस्थी के लिए आवश्यक अन्य सभी सामग्री और दहेज का सामान भी भेंट किया जाएगा, ताकि बेटियों को नए जीवन की शुरुआत में कोई कमी महसूस न हो।

#### बिना जनसहयोग के अनूठी पहल

आज के दौर में जहां बड़े आयोजनों के लिए चंदा या सहयोग लिया जाता है, वहीं सुरेश गिरी ने स्पष्ट किया है कि यह आयोजन पूरी तरह निजी स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने किसी भी प्रकार का दान या सहयोग लेने से इंकार कर मानवता और निस्वार्थ सेवा का परिचय दिया है। इस आयोजन की चर्चा पूरे क्षेत्र में है और लोग सुरेश गिरी के इस सेवाभावी कदम की मुक्त कंठ से प्रशंसा कर रहे हैं। वही सुरेश गिरी ने समस्त गोस्वामी समाज जनों को इस पुनीत कार्य में आने का आग्रह किया है।

**इनका कहना है**

बेटियों का विवाह करना पुण्य का कार्य है। कन्यादान महादान हमारा प्रयास है कि समाज की बेटियों का विवाह गरिमापूर्ण तरीके से हो। इलेक्ट्रिक स्कूटी देने के पीछे हमारा उद्देश्य बिना खर्च के बेटियों का आवागमन है।

**आयोजक सुरेश गिरी, पुत्र महंत श्री मंगु गिरि (भगोरा वाले)**

### स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 हेतु कार्यशाला संपन्न, जनसहभागिता पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत हिंद कन्वेंट स्कूल के सभा भवन में एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती कविता लोकेंद्र वर्मा, मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश मालवीय, भाजपा नेता शिव वेद, भगवान दास साहू, राजू जड़िया एवं पार्षद प्रतिनिधि अंकित साहू उपस्थित रहे। नगर पालिका अधिकारी अभिषेक जैन एवं कर्मचारियों ने अतिथियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में नगर को प्रथम स्थान दिलाने के लिए केवल नपाके सफाई मित्रों का ही नहीं, बल्कि आम नागरिकों का भी महत्वपूर्ण योगदान आवश्यक है। इंदौर शहर देश में स्वच्छता में अग्रणी है, उसी तरह नरसिंहगढ़ भी बन सकता है।

## खबर संक्षेप

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देशानुसार जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में अनेक जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। पीएचई विभाग द्वारा ग्राम नीलबड में आगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिलाओं को एफ़टीके किट से पेयजल परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही पंप ऑपरेटरर्स को नल जल योजना के संचालन, पेयजल स्त्रोतों की साफ़ सफ़ाई के लिए भी प्रशिक्षित किया गया। इसी प्रकार अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम कचनारिया में देरी नदी संगम तट पर ध्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया और नदी किनारे साफ सफाई की गई। इस अवसर पर सभी जल और प्रकृति के संरक्षण का संकल्प भी लिया।

### बालिकाओं को लगाई गई एचपीवी की वैक्सीन

**सीहोर।** शासन के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा राष्ट्रीय ह्यूमन पैपिलोमा वायरस टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 14 से 15 वर्ष की बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि सीहोर जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में भी एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम के तहत बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई जा रही है। इसी क्रम में 08 अप्रैल को जिले की सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में जिले की 1826 बालिकाओं को एचपीवी की वैक्सीन लगाई गई।

### विधायक ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से स्वीकृत कराई राशि

**आष्टा।** आष्टा नगर के युवा पत्रकार अमित मनकोडी के अचानक अस्वस्थ होने पर गत दिवस उनेह उच्च इलाज हेतु परिजनों ने भोपाल के प्राइवेट अस्पताल में भर्ती किया गया। पत्रकार अमित मनकोडी के अस्वस्थ होने की जानकारी लगने पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने परिजनों से चर्चा कर जानकारी ली एवं उनके उच्च इलाज के लिये विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से 75 हजार की राशि स्वीकृत कराई। 75 हजार की राशि स्वीकृत होने की जानकारी विधायक इंजीनियर ने परिजनों को देते हुए पत्रकार अमित मनकोडी के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

### छात्रगृह योजना में मिलेंगे 10 हजार रुपए

**सीहोर।** अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह चौहान ने कहा है कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की उच्च शिक्षा के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में मंत्री-परिषद द्वारा दिल्ली स्थित उच्च शिक्षण संस्थानों में अध्ययनरत प्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रगृह योजना में संशोधन करते हुए प्रति विद्यार्थी प्रतिमाह 10 हजार रुपये की राशि प्रदान किए जाने की स्वीकृति दी गई है। मंत्री चौहान ने कहा कि छात्रगृह योजना में प्रतिवर्ष 100 विद्यार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा, जिसमें 50 स्नातक और 50 स्नातकोत्तर स्तर के नवीन विद्यार्थियों को शामिल किया जाएगा। साथ ही पूर्व से अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी योजना का लाभ मिलेगा। इस निर्णय से अनुसूचित जाति वर्ग के अधिक विद्यार्थियों को देश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन का अवसर मिलेगा जिससे वे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे और अपने करियर को नई दिशा देंगे।

### गेहूं उपार्जन को लेकर प्रशासन सख्त, किसानों को मिलेगी बेहतर सुविधा

# एसडीएम ने बैठक में दिए स्पष्ट निर्देश गुणवत्ता व व्यवस्थाओं पर विशेष जोर

बैठक में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



रबी विपणन वर्ष के तहत गेहूं उपार्जन को सुचारू एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) नितिन कुमार टाले द्वारा सहकारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में तहसीलदार राम पगारे एवं खाद्य आपूर्ति अधिकारी मृगी अग्रवाल मौजूद थे । बैठक में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए व्यापक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उपार्जन केंद्रों पर पेयजल, टेंट एवं साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही तोल कांटे एवं ग्रेडिंग मशीन की सुचारू कार्यप्रणाली पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया।अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आकस्मिक वर्षा की स्थिति में ट्रालियों में भरा गेहूं गीला न हो, इसके लिए आवश्यक इंतजाम किए जाएं तथा गेहूं की तुलाई गोदाम के अंदर ही कराई जाए। इसके अलावा बारदान (बोरों) की किसी भी प्रकार की कमी न हो, इसके लिए अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि गेहूं की गुणवत्ता FAQ (फेयर एवरेज क्वालिटी) के अनुसार ही तुलाई की जाए, ताकि किसानों को उचित मूल्य प्राप्त हो सके।प्रशासन द्वारा दिए गए इन दिशा-निर्देशों से उपार्जन प्रक्रिया में पारदर्शिता आएगी और किसानों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, जिससे वे बिना किसी परेशानी के अपनी उपज का विक्रय कर सकेंगे।

# कृषि में आधुनिकरण से किसानों का सशक्तीकरणः विधायक

### कृषि रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

विकास खण्ड में उन्नत कृषि महोत्सव-2026 के तहत ग्राम ग्राम में किसान भाइयों को उन्नत, आधुनिक खेती, किसानों के सशक्तीकरण के लिये केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देने हेतु जावर से विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने कृषि रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया।

स्मरण रहे कृषि रथ के माध्यम से किसानो को सरकार की जानकारी प्रदाय की जायेगी। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजिनियर ने कहा की उक्त रथ ग्राम ग्राम,खेत खेत पहुच कर हमारे अन्नदाताओं को कृषि में आधुनिकरण, किसानो का सशक्तीकरण और किसानो को नरवाई नही जलाने के संबध में महत्वपूर्ण जानकारी दी जायेगी साथ ही किसानो को जैविक और प्राकृतिक खेती के बारे में बताया जायेगा।

इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजिनियर, बाबूलाल पटेल, मनोज वैद्य, विजेन्द्रसिंह ठाकुर, राजेन्द्र केशव, जयसिंह ठाकुर, पंकज जैन, महेश विश्वकर्मा बहादूर सिंह मेवाडा, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी, संबधित कृषि विस्तार अधिकारी सहित अनेक नागरिकगण उपस्थित थे।

# एक महीने से जला ट्रांसफार्मर, अंधेरे में रहने को मजबूर लोग, सूचना देने के बाद भी नहीं बदल रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



बमुलिया रायमल गांव में एक महीने से ट्रांसफार्मर जला पड़ा है बिजली कंपनी को सूचना दी जा चुकी है इसके बाद भी नया ट्रांसफार्मर नहीं लगाया गया गांव के कई लोग दूसरी डीपी से तार जोड़कर बिजली चला रहे हैं कुछ लोग अब भी अंधेरे रहने को मजबूर है उपभोक्ता बलवान सिंह भाटी,धारा सिंह डालु ठाकुर ने बताया कि श्मशान घाट के पास लगा ट्रांसफार्मर 1 महीने पहले जल गया है जीसकी जानकारी कंपनी के अधिकारियों को दे दी गई है इसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है उन्होंने कहा हम पर कोई बकाया नहीं हम ने पुरा बिजली बिल भी जमा कर दिया है है फिर भी बिजली नहीं मिल रही जीन उपभोक्ताओं पर बकाया है उनकी बिजली काटी जाए हमारी बिजली चालू की जाए। , ग्रामीणों का कहना है कि अगर जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया तो बाकी चालू डीपी भी बंद हो जाएगी क्योंकि सभी लोग वहीं से तार जोड़कर बिजली ले रहे हैं ग्राम वासि बलवान सिंह भाटी, धारा सिंह डालु ठाकुर, गोपाल ठाकुर का कहना है कि बिजली विभाग के सुपरवाइजर एवं विधायक को भी हमारे व्दारा इस बारे में अवगत कराया गया लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

# आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज का मंगल विहार, 23 को होगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ससंघ ने बुधवार 8 अप्रैल को आष्टा से देवास जिले के फावड़ा ग्राम के लिए मंगल विहार किया। प्रातःकाल आचार्य श्री ने समाज के वरिष्ठ कैलाश गौरव बोहरा के निवास पर मांगलिक प्रदान कर विहार आरंभ किया। मंगल विहार के दौरान बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे और धर्म लाभ प्राप्त किया। आचार्यश्री ससंघ डोडी पहुंचे, जहां रात्रि विश्राम किया। गुरुवार अप्रैल को प्रातः डोडी से सोनकच्छ की ओर प्रस्थान किया।

### 23 को होगा प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

आष्टा तीर्थ किला मंदिर ट्रस्ट के रवींद्र रांका ने बताया कि फावड़ा ग्राम में आगामी 23 अप्रैल को महावीर जिनालय की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन आचार्य भगवंत हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ससंघ के पावन सानिध्य में होगा। इसके साथ ही आराधना भवन उपाश्रय का शुभारंभ भी होगा। इस उपाश्रय में जहां श्रावक-श्राविकाएं धर्म आराधना कर सकेंगे, वहीं साधु-साध्वियों के ठहरने की भी समुचित व्यवस्था रहेगी।

### आचार्य श्री का आष्टा के लिए संदेश

आचार्य हर्ष तिलक सूरीश्वर महाराज ने मंगल विहार के पूर्व समाजजनों को संदेश देते हुए कहा कि जीवन में धर्म, संयम और साधना का मार्ग ही सच्चा कल्याणकारी मार्ग है। व्यक्ति को मोह-माया, अहंकार और लोभ से दूर रहकर आत्म कल्याण की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के समय में भौतिक सुख-सुविधाओं के बीच मनुष्य अपने मूल धर्म से दूर होता जा रहा है, जबकि आत्म शांति केवल धर्म आराधना और संयम से ही प्राप्त हो सकती है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में त्याग, तप और अनुशासन को स्थान देना चाहिए,तभी जीवन सार्थक बनता है। आचार्य श्री ने यह भी कहा कि धर्मस्थलों का निर्माण और उनके माध्यम से समाज को जोड़ना अत्यंत पुण्य का कार्य है। ऐसे आयोजनों से समाज में एकता, श्रद्धा और संस्कारों का विकास होता है।मंगल विहार में शामिल समाजजनों ने आचार्य श्री से आशीर्वाद प्राप्त कर धर्ममार्ग पर चलने का संकल्प लिया।


# 23 अप्रैल तक मनाया जाएगा 8वां पोषण पखवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक 8वां पोषण पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस वर्ष पोषण पखवाड़े का मुख्य थीम जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क का अधिकतम विकास निर्धारित किया गया है। पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ 9 अप्रैल को आंगनवाड़ी केन्द्रों और समुदाय स्तर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जाएगा। इस दौरान पोषण पर चर्चा कार्यक्रम के माध्यम से समुदाय के साथ संवाद स्थापित किया जाएगा। पोषण पखवाड़े में मुख्य रूप से मातृ एवं शिशु पोषण, जन्म से 3 वर्ष तक मस्तिष्क विकास के लिए प्रारंभिक प्रोत्साहन, 3 से 6 वर्ष तक खेल आधारित शिक्षा, बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने में परिवार और समुदाय की भूमिका तथा सशक्त आंगनवाड़ी निर्माण में सामुदायिक सहयोग जैसे विषयों पर गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी। वैज्ञानिक तथ्यों के अनुसार मानव मस्तिष्क का लगभग 85 प्रतिशत विकास जन्म से 6 वर्ष की आयु तक हो जाता है। इसी को ध्यान में रखते हुए पोषण पखवाड़े में परिवारों और समुदायों में ऐसे व्यवहारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जाएगा, जो बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को मजबूत बनाते हैं। अभियान के तहत विभिन्न तिथियों पर गर्भवती महिलाओं और बच्चों के लिए स्वास्थ्य शिविर, पोषण संबंधी कहानी वाचन, दादी-नानी के अनुभव साझा कार्यक्रम, स्थानीय खाद्य सामग्रियों से पौष्टिक व्यंजन प्रतियोगिता, जंक फूड के दुष्प्रभावों पर जागरूकता रैली, बच्चों के विकासात्मक मील के पत्थरों की पहचान अभियान तथा माता-पिता के लिए प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल सत्र आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बच्चों में स्क्रीन टाइम कम करने, खेल आधारित सीखने, माता-पिता की भागीदारी बढ़ाने तथा सामुदायिक सहयोग से आंगनवाड़ी केन्द्रों को मजबूत बनाने के लिए भी विशेष गतिविधियाँ होंगी। 22 अप्रैल को पंखुड़ी पोर्टल के माध्यम से आंगनवाड़ी केन्द्रों के लिए सामुदायिक सहयोग एवं दान अभियान चलाया जाएगा, जबकि 23 अप्रैल को पोषण मेला आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाज के प्रभावशाली व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। पोषण पखवाड़े में सभी जिलों में रैलियां, पोषण वाटिका निर्माण, प्रश्नोत्तरी, पोस्टर एवं नारा लेखन प्रतियोगिता, सोशल मीडिया अभियान तथा आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही अभियान से संबंधित गतिविधियों की जानकारी पोषण अभियान के जन-आंदोलन डैशबोर्ड पर दर्ज की जाएगी।

# विश्व नवकार महामंत्र दिवस पर किया महामंत्र का जाप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर मे विश्व नवकार महामंत्र पावन दिवस पर मुनिश्री संस्कार सागर जी, छुल्लक श्री कमल सागर जी महाराज के सानिध्य मे श्री नवकार महामंत्र दिवस के पावन अवसर पर विशेष मे शांति, सदभाव, भगवान महावीर का संदेश अहिसा से विश्व का कल्याण हो।

इस पवित्र भावना के साथ निर्धारित समय प्रातः 8 से बजे तक जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन के आव्हान पर दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी ट्रस्ट समिति के तत्वाधान मे सकल जैन समाज के श्रावक श्राविकाओ ने प्रातः 8 बजे से 9 बजे तक सामूहिक नवकार महामंत्र जाप कर पुण्य लाभ अर्जित किया । इस अवसर पर मुनि श्री संस्कार सागर जी महाराज ने धर्म सभा मे प्रवचन के दौरान श्रावक श्राविकाओ को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने नवकार महामंत्र के अर्थ भावार्थ और महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि श्री नवकार महामंत्र जैन धर्म का सबसे पवित्र और अनादि मूल मंत्र है, जो किसी व्यक्ति विशेष को नहीं, बल्कि पाँच परम-पदो अर्थात पंच परमेष्ठि को नमस्कार करता है। यह मंत्र आत्मशुद्धि, विनम्रता, भयनाशक और आध्यात्मिक उत्कर्ष का मार्ग दर्शाता है।

इसका मूल अर्थ अरिहंत, सिद्ध, आचार्य, उपाध्याय और साधुओं को नमन करना है।

# मुख्यमंत्री 12 को आएंगे आष्टा, जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी और विधायक ने कार्यकर्ताओं की तैयारियों को लेकर ली बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव 12 अप्रैल को आष्टा आयेंगे। मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर भाजपा सीहोर जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा, विधायक गोपालसिंह इंजीनियर, जिला भाजपा के प्रभारी विकास वीरानी ने आज जनपद पंचायत आष्टा के बैठक कक्ष में सभी जनप्रतिनिधियों, मंडल अध्यक्षो सहित भाजपा कार्यकर्ताओ की बैठक ली एवं बैठक में जिला अध्यक्ष, विधायक,जिला प्रभारी ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के आष्टा आगमन, आयोजित कार्यक्रम, हेलीपेड से कार्यक्रम स्थल सांदीपनी विद्यालय तक के रोड शो की जानकारी दी एवं क्या क्या तैयारियां करना है इसको लेकर चर्चा कर,कार्यकर्ताओ के भी सुझाव लिये की हम मुख्यमंत्री के आष्टा आगमन पर उनका किस तरह भव्य और ऐतिहासिक स्वागत,सम्मान कर सकते है । मुख्यमंत्री के आगमन पर शासकीय महाविद्यालय से रोड शो शुरू होगा। रोड शो मार्ग पर कहा कहा, किस संगठन, संस्था, समाजों, भाजपा के मोर्चा, प्रकोष्ठों, मंडलो, नपा,नप आदि के मंच बनेंगे उनसे संपर्क करना,मंच पर से पुष्पवर्षा होगी,रोड के दोनों ओर कटआउट, बेनर, फ्लैक्स, स्वागत द्वार कहा कहा लगेंगे उन स्थलों को चिन्हित करना,मार्ग के दोनों ओर बड़े बड़े डंडों में बड़े भाजपा के झंडे लगाना। संगठनात्मक बैठक में नगर एवं ग्रामीण अंचल में व्यवस्थाओं को लेकर सभी मंडल अध्यक्षो, जिला पदाधिकारियों, निकाय, जनपद, जिला पंचायत के प्रमुखों, वरिष्ठ नेताओं, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठों को अपेक्षित कार्यो, व्यवस्थाओं की जिम्मेदारियां सौपी गई है। बैठक में सभी अपेक्षित कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधि उपस्तिथ रहे। सभी ने एक स्वर में यशस्वी मुख्यमंत्री जी के आष्टा दौरे को एवं आयोजित कार्यक्रम को सफल बनाने का संकल्प लिया। कार्यकर्ताओ की उक्त बैठक को जिला अध्यक्ष नरेश मेवाडा,जिला प्रभारी विकास वीरानी एवं विधायक गोपालसिंह इंजीनियर आदि ने संबोधित कर दौरे की जानकारी देते हुए कार्यक्रम को गरिमामय रूप में सफल बनाने के लिये सभी को सौपी गई।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद केंद्र का पूजन कर विधायक ने शुभारंभ किया

# पहले गेहूं विक्रेता किसान का विधायक ने सम्मान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



क्षेत्र में कन्नौद रोड पर स्तिथ शासकीय गोदाम पर बनाये गये समर्थन मूल्य पर रबी विपणन वर्ष 2026-27 के लिये गेहूं उपार्जन केंद्र का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने विधि विधान से केंद्र पर तोल कांटे का पूजन कर समर्थन मूल्य पर गेंहू खरीदी का शुभारम्भ किया। केंद्र पर गेहूं बेचने आये प्रथम अन्नदाता किसान भाई का विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने तिलक लगा कर स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने खरीदी केंद्र पर आवक, जावक, तोल, स्लॉट बुकिंग की जानकारी ली एवं केंद्र पर जो किसान समर्थन मूल्य पर गेहूं बेचने आयेंगे उनके लिये, छाया,पीने के पानी की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। विधायक इंजीनियर ने केंद्र पर बारदान कितना आया कि भी जानकारी ली । केंद्र प्रभारी को विधायक ने निर्देश दिए की केंद्र पर गेहूं बेचने जो भी अन्नदाता किसान भाई आये उनेह किसी भी प्रकार से कोई परेशानी,असुविधा ना हो,किसानों के साथ अच्छा व्यवहार करें,उनेह अगर कोई परेशानी हो तो उसे सुने ओर हल करे, अगर समस्या वरिष्ठ अधिकारियों के स्तर की हो तो उनेह अवगत कराये ओर समस्या का निदान करे। खरीदी केंद्र पर खरीदी कार्य के शुभारंभ अवसर पर एसडीएम नितिन टाले,किसान मोर्चे के अध्यक्ष मानसिंह ठाकुर ईलाही,मंडल अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह ठाकुर,राकेश सिसोदिया सहित अन्य किसान, कर्मचारी आदि उपस्तिथ थे।